# श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं देना मकसद

**प्रयास**

सुविधाओं के साथ ही पहाड़ी उत्पाद का भी आनंद मिलेगा

देहरादून/रुद्रप्रयाग। **संवाददाता**

केदारनाथ यात्रा पर आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं को सहजता महसूस होगी। शासन-प्रशासन की ओर से यात्रा को सुगम और सरल बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं। आगामी नौ मई को भगवान केदारनाथ के कपाट आम श्रद्धालुओं के दर्शनाथ खोल दिये जायेंगे। यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को बाबा की नगरी में बेहतर सुविधाओं के साथ ही पहाड़ी उत्पाद का भी आनंद मिलेगा।

मुख्य विकास अधिकारी नंदन सिंह रावत ने कहा कि यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाई जायेंगी। यात्रा मार्ग पर पेयजल, स्वास्थ्य, बिजली सहित अन्य सुविधाओं को जुटाया जा रहा है। भारी बर्फ के कारण यात्रा मार्ग पर करोड़ों का नुकसान है। इस वर्ष इलाइची दाना का उपयोग न करते हुए सिर्फ चौलाई का प्रयोग किया गया है।

### केदार यात्रा से लाखों लोगों का रोजगार जुड़ा हुआ है: सीडीओ

प्रशासन के सामने समय कम और चुनौतियां बहुत ज्यादा हैं, बावजूद इसके कपाट खुलने से पूर्व व्यवस्थाओं को किसी भी हालत में दुरुस्त कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि केदार यात्रा से लाखों लोगों का रोजगार जुड़ा हुआ है। छः माह यात्रा चलने पर ही स्थानीय लोगों के साथ ही बाहरी राज्यों से आये लोगों की आर्थिकी मजबूत होती है। इस बार प्रशासन की ओर से किसानों की आय को बढ़ाने और रोजगार के मार्ग को सशक्त करते हुए पहाड़ी उत्पादों को तीर्थयात्रियों को परोसा जायेगा। केदार यात्रा में स्वास्थ्य सेवाओं का भी विशेष ध्यान रखा जायेगा।

## अमन सैनी ने जेईई मेन में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हरिद्वार को गौरवान्वित किया



जेईई मेन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित करते हुए।

**संवाददाता** हरिद्वार। अमन सैनी ने जेईई (मेन) में अखिल भारतीय रैंक 999 और 99.92 पर्सेंटाइल स्कोर हासिल कर हरिद्वार के लोगों को गौरवान्वित किया है। वह आकाश इंस्टीट्यूट की भंतपकूंत शाखा के क्लासरूम प्रोग्राम के छात्र की छात्रा रह चुके चुकी हैं। अमन सैनी ने दसवीं कक्षा के बाद जेईई कोचिंग ज्वाइन किया था और अपने स्कूल की पढ़ाई के साथ अच्छा संतुलन बनाए रखते हुए आईआईटी ज्वाइन करने के अपने सपने को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की। उनका सपना आईआईटी दिल्ली मुंबई में पढ़ना है और वह बवउचनजमत `बपमदबम के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना चाहते हैं।



Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं को मिलेंगी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं

■मानव भारती ने दिये स्वास्थ्य विभाग को 35 लाख के उपकरण ■स्वास्थ्य सेवाएं होंगी और अधिक सुदृढ़

**कार्यक्रम**

**संवाददाता**

देहरादून/रुद्रप्रयाग। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में गेल इंडिया लिमिटेड से वित्त पोषित परियोजना के तहत मानव भारती सोसायटी देहरादून ने स्वास्थ्य विभाग को करीब 35 लाख की लागत के चिकित्सा संसाधनों का वितरण किया। केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर स्थापित चिकित्सा राहत केंद्रों व अन्य चिकित्सालयों में इन उपकरणों को उपलब्ध करवाकर स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा।

कोटेश्वर स्थित शंकराचार्य स्वामी माधवाश्रम अस्पताल में जिलाधिकारी मंगेश घिल्डियाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जनहितार्थ मानव भारती सोसायटी के परियोजना संयोजक प्रवीन ध्यानी द्वारा मानव भारती सोसायटी की ओर से स्वास्थ्य विभाग को दो फुल्ली ऑटो एनेलाइजर, चार ऑक्सीजन कन्सन्ट्रेटर, तीन कार्डिक मॉनीटर, छः ईसीजी मशीन, एक इनफ्यूजन पम्प, 16 पल्स ऑक्सीमीटर, 80 बीपी उपकरण, 80 स्टैथोस्कोप, 30 बेइंग मशीन-अडल्ट व 50 मैट्रस स्वास्थ्य विभाग को प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी मंगेश घिल्डियाल ने कहा कि आपदाग्रस्त जनपद होने के साथ-साथ अन्य जनपदों की तुलना में यात्रा मार्ग कठिन होने के कारण जनपद की विशेष आवश्यकताएं है। उन्होंने सोसायटी द्वारा संचालित स्वास्थ्य परियोजना के तहत जनपद रुद्रप्रयाग का चयन करने पर हर्ष व्यक्त करते हुए संस्था का आभार व्यक्त किया।



सीएमएस को उपकरण देते जिलाधिकारी मंगेश घिल्डियाल।

जिलाधिकारी ने कहा कि यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ. करने के लिए यह उपकरण लाइफ लाइन है। उन्होंने उपकरण प्राप्ति के लिए किए गए प्रयासों के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एसके झा की सराहना भी की। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को उपकरणों का समुचित उपयोग करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एसके झा ने यात्रा के दृष्टिगत प्राप्त सहायता के लिए मानव भारती सोसायटी के योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग पर अवस्थित चिकित्सा राहत केंद्रों व जनपद के अन्य चिकित्सालयों में आवश्यकता के अनुरूप उपकरण उपलब्ध कराए जायेंगे। मानव भारती सोसायटी के परियोजना संयोजक प्रवीन ध्यानी ने कहा कि संस्था आगे भी स्वास्थ्य विभाग को सहयोग करती रहेगी।

## न्यूज डायरी

### पेयजल की आपूर्ति न होने से क्षेत्रवासियों ने मुख्य महाप्रबंधक का किया घेराव

**(ईएमएस)** देहरादून। बद्रीश कालोनी में पिछले एक सप्ताह से पेयजल की आपूर्ति न होने से क्षेत्रवासियों ने नेहरू कालोनी स्थित जल भवन पर मटके फोडे और मुख्य महाप्रबंधक नीलिमा गर्ग का घेराव किया और कहा कि इस समस्या का तत्काल प्रभाव से समाधान किया जाये। यहां बद्रीश कालोनी के क्षेत्रवासी कांग्रेस महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नेतृत्व में नेहरू कालोनी स्थित जल भवन पहुंचे और वहां पर उन्होंने पिछले एक सप्ताह से पेयजल की आपूर्ति न होने पर प्रदर्शन किया और मटके फोड़कर विरोध दर्ज किया और मुख्य महाप्रबंधक नीलिमा गर्ग का घेराव किया। इस अवसर पर लालचन्द शर्मा ने कहा है कि पिछले एक सप्ताह से बद्रीश कालोनी में पेयजल की आपूर्ति ठप्प है और कई बार शिकायतें करने के बाद भी कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा और जबकि वहां पर तीन ओवरहैड टैंक है।

### गंगा में दीपदान कर नक्सली हमले में शहीद जवानों को याद किया

**संवाददाता** देहरादून/हरिद्वार। महाराष्ट्र के गढ़चिरोली में नक्सली हमले में शहीद हुए 16 जवानों की याद में बिरला घाट पर उत्तराखंड विकास मंच के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा के संयोजन में गंगा की विशेष पूजा अर्चना कर शहीद जवानों को याद करते हुए गंगा में दीपदान करने के साथ ही महामहिम राष्ट्रपति से गढ़चिरोली नक्सली हमले की ऊंचे स्तर पर जांच करा कर लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की गयी। इस अवसर पर उत्तराखंड विकास मंच के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा अभी पुलवामा हमला देश की जनता नहीं भूल पाई थी कि महाराष्ट्र के जनपद गढ़चिरौली में नक्सली हमले में 16 जवान शहीद हो गए। जोकि बहुत ही गंभीर विषय है।

### 108 कर्मचारियों के सामने रोजगार का संकट

**संवाददाता** देहरादून/रुद्रप्रयाग। 108 एंबुलेंस कर्मचारी एसोसिएशन की मांगों का समर्थन करते हुए जन अधिकार मंच ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। दरअसल, उत्तराखंड में वर्ष 2008 से संचालित 108 एंबुलेंस सेवा में करीब साढ़े सात सौ कर्मचारी कार्यरत हैं। इनके जिम्मे 234 एंबुलेंस हैं। शासन और जीवीके प्रबंधन कर्मचारियों की मांगों को लेकर गंभीर नहीं है। कर्मचारियों ने साफ कह दिया है कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक हल नहीं निकलता, वह सामूहिक अवकाश पर रहेंगे।

# जल्द पूरा होगा टूरिस्ट डेस्टिनेशन का सपना

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में ज्यादा से ज्यादा पर्यटक आए इसके लिए सरकार जल्द ही 13 नए टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाने जा रही है। एक साल से भी लंबे समय से जारी यह कोशिश अब जमीन पर उतरने के लिए तैयार है। इसको लेकर शासन की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई है और जल्द ही कैबिनेट में इस पर एक प्रस्ताव लाया जाएगा। उत्तराखंड में हिमाचल, केरल, राजस्थान जैसे राज्यों की तरह ज्यादा टूरिस्ट आएं इसके लिए सरकार प्रदेश में 13 नए पर्यटक स्थल बनाने जा रही है। सरकार को उम्मीद है की इन 13 नए पर्यटक स्थलों से उत्तराखंड के पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। राज्य सरकार ने पिछले साल ही सभी 13 जिलों में नए टूरिस्ट

### जल्द ही कैबिनेट में इस पर एक प्रस्ताव लाया जाएगा

डेस्टिनेशन की पहचान कर ली थी और जिलाधिकारियों को इनके विकास के लिए विस्तृत प्लान तैयार करने को कहा गया था। सभी जिलाधिकारियों को 50 लाख रुपये भी आवंटित किए गए थे।

पर्यटन सचिव दिलीप जावलकर ने कहा कि 13 नए डेस्टिनेशन खोलने के लिए सभी जिलों से विस्तृत रिपोर्ट मिल गई है। अब इन्हें मंत्रिमंडल के सामने रखा जाना है जो इन पर फैसला लेगी। पर्यटन सचिव ने कहा के विभाग की ओर से पूरी तैयारी की गई है और आचार संहिता हटने के बाद इस रिपोर्ट को मंत्रिमंडल के सामने रखा जाएगा। उत्तराखंड में अब तक कोई नया पर्यटन स्थल नहीं विकसित किया गया है। इसकी वजह से मसूरी, नैनीताल, ऋषिकेश जैसे परंपरागत पर्यटन स्थलों पर दबाव बहुत बढ़ गया है जिसके अनुपात में मूलभूत सुविधाएं बहुत कम पड़ गई हैं।

इसकी वजह से यहां आने वाले पर्यटक कभी जाम में फंस जाते हैं तो कभी उन्हें रुकने के लिए ठीक जगह नहीं मिल पाती और गंदगी तो कमोबेश हर जगह दिखती है। इसकी वजह से राज्य में देश ही नहीं विदेशों से आने वाले पर्यटकों की संख्या भी घटी है। चूंकि पर्यटन राज्य की आय का प्रमुख जरिया है इसलिए त्रिवेंद्र रावत सरकार ने सभी 13 जिलों में 13 नए पर्यटन स्थल बनाने का फैसला किया है। लेकिन यह योजना कितनी सफल होती है यह इस पर निर्भर करेगा कि पार्किंग, शौचालय, अल्पाहार, रुकने की जगह, सफाई और सहज-सुलभ परिवहन सुविधाएं कितनी उपलब्ध होती हैं।

## कामर्स में सऊद अल रशीद पारा व साइंस स्ट्रीम में दीक्षा जैन रहे अव्वल

**संवाददाता** देहरादून। तुलाज इंटरनेशनल स्कूल ने आज 12वीं कक्षा के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के परिणामों की घोषणा करी। कॉमर्स स्ट्रीम के सऊद अल राशिद पारा 97 प्रतिशत अंक के साथ पहले स्थान पर रहे और क्रमशः अंग्रेजी और अर्थशास्त्र में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। दीक्षा जैन ने 91.25 प्रतिशत अंकों के साथ साइंस स्ट्रीम में टॉप किया व फिजिकल एजुकेशन में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

आदर्श मित्तल ने 96.5 प्रतिशत के समग्र अंक के साथ कॉमर्स स्ट्रीम में दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने क्रमशः अकाउंटेंसी और गणित में 95: अंक प्राप्त किए। अनमोल अग्रवाल ने साइंस स्ट्रीम में 87.7 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। राहुल अग्रवाल और गुरसेवक सिंह थायरा ने अर्थशास्त्र में 97: का उच्च प्रतिशत हासिल किया। फिजिकल एजुकेशन में अरसलान राशिद खान ने 99 प्रतिशत अंक स्कोर किये। इस अवसर पर, तुलाज इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक रौनक जैन ने कहा, "मुझे यह घोषणा करने में खुशी हो रही है कि हमारे छात्रों ने सभी धाराओं में 100 प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया है और विशेषकर रूप से अच्छा प्रदर्शन दिखाया है।